तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

11 राष्ट्रीय युवा दिवस पर गूंजे स्वामी विवेकानंद ...

12 जनसामान्य और विधिक संस्थाओं के बीच ....




## निर्माण कार्यों में तेजी लाकर अधिकारी तय समय में पूरा कराए कार्य

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी से प्रगति लाकर तय समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने कहा कि निर्माण कार्यों में प्रगति लाने का अभी 3 से 4 महीने का उपयुक्त समय है। इस अवधि में सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में तेजी से प्रगति लाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत अब तक टेंडर हेतु प्रक्रियाधीन कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नियमित कोर्ट लेकर निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। एसआईआर अंतर्गत मतदाताओं से प्राप्त दावा -आपत्ति की सुनवाई नियमानुसार एवं तय समय पर पूरा करने सभी एईआरओ को निर्देशित किया। उन्होंने एसआईआर कार्य में पूरी सावधानी व सतर्कता बरतने कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपीग्राम्स, समय -सीमा से सम्बधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।




**अवैध धान खरीदी न हो**

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि अंतिम 15 दिन ही शेष बचे है धान खरीदी में और इस अवधि में ही बिचौलिये अधिक सक्रिय होते है। बिचौलिये के द्वारा अवैध धान की बिक्री को रोकने कड़ी निगरानी रखें। तहसीलदार एवं मण्डी की टीम लगातार जांच कर सख़्ती से कार्यवाही करें, कहीं भी अवैध धान की खरीदी न हो।

### मामला-टोनाटार सोसायटी का, 17 की शक्कर 20 रुपए किलो में बेची जा रही

## राशन वितरण में गड़बड़ी, सेल्समैन ने दिसम्बर का शक्कर ही नहीं बांटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

**ग्रामीणों ने गड़बड़ी पर उठाई आवाज**



मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना में मिलने वाले राशन में सीधे हितग्राहियों से कालाबाजारी करने का मामला सामने आया है। जहां राशन दुकान संचालक सेल्समैन द्वारा 17 रुपए प्रति किलो में बिकने वाले शक्कर को राशन कार्डधारियों से 20 रुपये प्रति किलो की दर में बेच रहे हैं। वहीं हद तो तब हो गई जब दुकान संचालक सेल्समैन द्वारा ग्रामीणों को अंधेरे में रखते हुए हर माह हितग्राहियों को मिलने वाले शक्कर को एक माह वितरण नहीं किया गया। ग्रामीण एवं हितग्राहियों ने ऐसे सेल्समेन के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह मामला भाटापारा शाखा अंतर्गत एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गोढ़ी टी के अधीनस्थ ग्राम पंचायत टोनाटार में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का है। यहां प्रति माह मिलने वाले शक्कर 7 क्विंटल 14 किलो को दिसंबर में वितरण नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में विक्रेता के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। वहीं उन्हें तत्काल हटाने व कार्रवाई की मांग अब खुलकर सामने आ गई है।

बता दे कि टोनाटार में संचालित शासकीय उचित दुकान में गांव के उपभोक्ताओं को भ्रम में रखकर समयावधि पर राशन बांटने में हेराफेरी की शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय दुकान में पदस्थ सेल्समेन योगेश ध्रुव द्वारा दिसंबर का शक्कर अभी तक वितरण नहीं किया है, वहां शासकीय दर 17 रुपये में मिलने वाले शक्कर को 20 रुपये में दिया जाता है। दुकान खुलने का भी कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे इस प्रतिनिधि ने सोमवार को उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया तो मौके पर राशन दुकान ठंड के समय में अंधेरे में भी खुला पाया। ग्रामीण राजेंद्र रजक, पूर्व उपसरपंच गेंदराम वर्मा, रामकुमार जायसवाल सहित अन्य लोगों ने बताया कि ग्राम टोनाटार में 850 कार्डधारी है। दुकान संचालक सेल्समैन द्वारा हमेशा लापरवाही बरती जाती है। दुकान खोलने व बंद करने का कोई समय सीमा नहीं रहता है। दिसंबर माह का शक्कर ही नहीं दिया गया पूछने पर गोलमोल जवाब दिया गया। ग्रामीणों ने इस अनियमितता पर अंकुश लगाते हुए दुकान संचालक सेल्समैन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में विक्रेता योगेश ध्रुव ने गोलमोल जवाब देते हुए शॉर्टेज की कमी को पूरा करने के लिए एक माह का शक्कर वितरण नहीं करना बताया गया।

**जानकारी लेकर बताऊंगा**

विक्रेता द्वारा एक माह का शक्कर वितरण क्यों नहीं किया जानकारी नहीं है जानकारी लेकर ही बता पाऊंगा।
- भूषण साहू, समिति प्रबंधक

**हर माह शक्कर देने बोला गया**

एक माह का शक्कर नहीं देने का शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी, जिस पर विक्रेता को हर माह शक्कर देने बोला गया था।
-विष्णु कोसले, सरपंच ग्राम पंचायत टोनाटार

## 9 चालकों पर लगा 95 हजार का जुर्माना, शराब पीकर चला रहे थे वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- ब्रेथ एनालाइजर से हुई जांच, वाहन किए गए जब्त

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत, यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 9 चालकों को पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की है।

यातायात पुलिस की टीम ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की जांच की। इस दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से चालकों के स्वास्थ्य और नशे की स्थिति का परीक्षण किया गया। जांच में 9 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। पुलिस ने तत्काल मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सभी वाहनों को विधिवत जब्त कर लिया।

जब्त वाहनों और चालकों के प्रकरण को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया 8 प्रकरणों में प्रत्येक चालक पर 10-10 हजार का अर्थदंड लगाया गया। एक प्रकरण में चालक पर 15 हजार का भारी जुर्माना लगाया गया। इस यातायात शाखा की इस कार्रवाई में सभी 9 चालकों से कुल 95 हजार का अर्थदंड वसूला गया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं की मुख्य वजह नशा कर वाहन चलाना है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी शराब पीकर वाहन चलाने वाले, ओवरस्पीडिंग और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### खबर संक्षेप

#### स्वप्निल ने स्विमिंग में अंतरास्ट्रीय मंच पर बनाई पहचान



**सिमगा।** स्वप्निल यादव ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग प्रतियोगिता 2025 फिनस्विमिंग इवेंट झाजियांग चीन में आयोजित ईस्ट वेस्ट चैम्पियनशिप में 50 मीटर बाई फिंस इंवेट में फाइनल राउंड तक पहुंचे तथा एशिया में आठवें स्थान पर रहे। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग प्रतियोगिता में रायपुर छत्तीसगढ़ से एक मात्र प्रतिभागी थे। वह सिमगा के सुरेन्द्र यादव भूतपूर्व एलआईसी डेवलपमेंट ऑफिसर के भतीजे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित राष्ट्रीय वालीबाल प्लेयर सरिता यादव, संतोष यादव जो छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में पदस्थ हैं के सुपुत्र स्वप्निल यादव ने दिसम्बर 2024 को हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं कास्य पदक जीत कर तैराकी में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर चुके हैं। भारत की जर्सी पहन कर झाजियांग चीन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वप्निल यादव का कहना है कि फिनस्विमिंग में तकनीकी कौशल बाई फिंस बैलेंस, श्वास नियंत्रण, पवार स्ट्रोक और स्पीड की अहम भूमिका होती है, उनके कोच प्रमोद फणिकार का मार्गदर्शन बड़ा योगदान रहा। स्वप्निल का लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है।

#### सेजेस परसापाली में पालक-शिक्षक मेगा बैठक हुई



**बिलाईगढ़।** सेजेस परसापाली में विद्यालय स्तर पर पालक–शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, नियमित उपस्थिति तथा सर्वांगीण विकास के संबंध में पालकों को जानकारी देना एवं उनसे सुझाव प्राप्त करना था। बैठक के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के अध्ययन स्तर, कक्षा सहभागिता, गृहकार्य, परीक्षा परिणाम तथा व्यवहारिक पक्षों पर विस्तार से चर्चा की गई। पालकों को बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने, नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने तथा विद्यालय से सतत संपर्क बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। पालकों ने भी अपने विचार एवं सुझाव साझा किए तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों के भविष्य निर्माण में ऐसे आयोजनों को उपयोगी बताते हुए नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

#### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। कुम्हारपारा निवासी संतोष निषाद 11 जनवरी की सुबह 9.30 बजे घूमने निकला था। इसी बीच युवक के पिता को बिरकोनी निवासी उसके भतीजे पंचराम निषाद ने फोन पर बताया कि भावेश के साथ भावेश निषाद एवं योगेश चंद्राकर को परसवानी रोड 9 एम कंपनी के सामने ग्राम बिरकोनी के रंजीत सतनामी ने अपने साथियों के साथ पुरानी बात को लेकर मारपीट किया है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। मारपीट भावेश के दाहिने पैर के घुटने, बांये हाथ की कोहनी, सिर एवं बदन में चोट तथा योगेश चंद्राकर के सिर में, दाहिने हाथ, कमर, पीठ में चोट आई थी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## सीएम कप फुटबॉल के फाइनल में पहुंचे मुख्यमंत्री साय



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर में आयोजित ऑल इंडिया सीएम कप फुटबॉल ट्रॉफी का भव्य समापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं और खेल व खिलाड़ियों के लिए प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का पिटारा खोल दिया।

मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए बड़ी घोषणाएं की, जिसमें ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी को 20 लाख की प्रोत्साहन राशि। स्वर्ण पदक जीतने पर 3 करोड़ रुपये, रजत पदक पर 2 करोड़ और कांस्य पदक पर 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि जल्द ही रायपुर में आईपीएल और भारत-न्यूजीलैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित होंगे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गजों द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम की तारीफ का भी उल्लेख किया।

क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा की मांग पर मुख्यमंत्री ने खरोरा नगर के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की, जिसमें खरोरा बाईपास मार्ग का निर्माण और गौरव पथ मार्ग का निर्माण शामिल हैं। विधायक अनुज शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में वर्तमान में 400 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य संचालित हैं। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन में खिलाड़ियों के लिए बंद किए गए खेल अलंकरण समारोह को साय सरकार ने आते ही पुनः शुरू किया।

उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रदेश एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**नारायणपुर बना चैंपियन**

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर (बस्तर) फुटबॉल क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मुख्यमंत्री ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर बधाई दी। वहीं, उपविजेता रही केरल की टीम को भी पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## तान्या का राष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



विकासखंड सिमगा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा राष्ट्रीय खिलाड़ियों से अपनी पहचान बना रही है। वॉलीबॉल और एथलेटिक्स के बाद अब राष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा तान्या ध्रुव का चयन होने पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बारे में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित 13 से 17 जनवरी तक झारखंड के रांची में राष्ट्रीय साइकलिंग प्रतियोगिता मे तान्या ध्रुव छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में अध्ययनरत तान्या ध्रुव माता ⏩ शेष पेज 11 पर

## 75 कट्टा अवैध धान और पिकअप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिले में धान के अवैध परिवहन और बिचौलियों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम बिलारी सोनाखान में एक कार्रवाई करते हुए अवैध धान से भरी पिकअप को जब्त किया।

जांच के दौरान पिकअप में लगभग 75 कट्टा धान पाया गया, जिसे बिलाईगढ़ जिले के ग्राम रमतला से अवैध रूप से विक्रय के लिए लाया जा रहा था। मौके पर मौजूद टीम द्वारा धान के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई भी प्रमाण पेश नहीं कर सका, जिसके पश्चात धान और वाहन को तत्काल जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए धान और वाहन को पुलिस थाना सलीहा बिलाईगढ़ के सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से अवैध धान का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा है। शासन ⏩ शेष पेज 11 पर

### 13 से 21 जनवरी तक चलेगा सर्वे

## जिला वनमण्डल के सभी परिक्षेत्रों में बाघ का आकलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार एवं अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य श्री कृषानू चन्द्राकार के नेतृत्व में अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 सर्वे कार्य मंगलवार से प्रारंभ कर दिया गया है। यह सर्वे 13 से 21 जनवरी तक बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत सभी परिक्षेत्रों में निर्धारित वैज्ञानिक पद्धतियों के अनुसार संचालित किया जा रहा है।

इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य बाघ एवं अन्य प्रमुख वन्यजीव प्रजातियों की उपस्थिति, उनके आवासीय संकेतों तथा जैव विविधता से संबंधित आंकड़ों का व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक रूप से दस्तावेजीकरण करना है, ताकि भविष्य में वन्यजीव संरक्षण, प्रबंधन रणनीतियों एवं दीर्घकालिक संरक्षण योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। सर्वे कार्य में बलौदाबाजार वनमण्डल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, प्रशिक्षु ए.सी.एफ., प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, वनकर्मी एवं फील्ड स्टाफ सक्रिय रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही सर्वे की गुणवत्ता और व्यापकता को मजबूत करने हेतु गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर तथा शासकीय महाविद्यालय, लवन से जुड़े वॉलंटियर्स भी सहभागिता कर रहे हैं।

सर्वेक्षण के दौरान निर्धारित ट्रांजैक्ट रूट, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष संकेतों के आधार पर रिकॉर्डिंग, डेटा संग्रहण, मैपिंग एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिससे क्षेत्रवार सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। यह पहल न केवल वन्यजीव संरक्षण को मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि अभ्यारण्य एवं वन क्षेत्रों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगी।

## खबर संक्षेप



### सरस्वती पूजन का आयोजन 23 को

**महासमुंद।** बंग भवन में बंग समाज एवं महिला बंग समिति की बैठक हुई। बंग समिति महासमुंद के तत्वावधान में महिला बंग समिति द्वारा बंग भवन में 23 जनवरी को सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया है। प्रातः 10 बजे रायपुर से मां की मूर्ति एवं बंगाली पुरोहितों का आगमन होगा। बाद पूजन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। बंगाली पुरोहितों द्वारा बच्चों का हांथें कुड़ी का कार्यक्रम एवं पूजन कार्यक्रम होगा। बाद बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। समाज के मेघावी छात्र/छात्राओं एवं समाज के खेलकूद में अग्रणी छात्र/छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में बंग समाज के अध्यक्ष विजय पाल, समाज प्रमुख संदीप घोष, मृत्युंजय बोस, डॉ. बागची, बंग महिला समाज के प्रमुख रूपा दास, अर्चना चौधरी, रूपाली बैनर्जी, झुमा बोस, सुप्रिया पाल, शीला महतो आदि मौजूद रहे।

### बंग समाज ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**महासमुंद।** बंग समाज महासमुंद के तत्वावधान में बंग समाज एवं बंग महिला समाज द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती बंग भवन में मनाई गयी। युवाओं के आदर्श प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बंग समाज अध्यक्ष विजय पाल, महिला बंग समाज के प्रमुख रूपा दास, अर्चना चौधरी, रूपाली बैनर्जी, झुमा बोस, सुप्रिया पाल, शीला महतो, समाज प्रमुख संदीप घोष, मृत्युंजय बोस, डॉ. बागची आदि मौजूद रहे।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेलसोंडा के मृतक सेवा दास मानिकपुरी की पुत्री लक्ष्मी धीवर के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



### सलिहाभाठा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में कक्षा दूसरी का छात्र नमन ने अपनी मां चेमिन दीवान और भाई की उपस्थिति में केक काटकर और चॉकलेट बांटकर जन्मदिन मनाया। नमन द्वारा न्योता भोज के रूप में खीर-पूड़ी, मिठाई व फल प्रदान किया गया। अपने सहपाठी भाई-बहनों के बीच जन्मदिन मनाकर नमन काफी खुश था। ज्ञात हो कि न्योता भोज पालकों का शाला के साथ जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जिसमें शाला की गतिविधियों में पालक सक्रिय रूप से अधिकारपूर्वक जुड़ पाता है और बच्चों शिक्षा के प्रति स्वयं की जिम्मेदारी को समझ पाता है।

# रुक्मिणी प्रसंग पर कथा स्थल बना विवाह मंडप, निर्धन कन्या का किया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम सिनोधा में साहू परिवार (सुखराम-पुष्पा साहू एवं कल्याणी साहू) तथा समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह प्रसंग के पावन अवसर पर एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी सामाजिक कार्य हुआ। कथा स्थल पर भगवान कृष्ण को साक्षी मानकर ग्राम की ही निर्धन कन्या सरोज विश्वकर्मा (पुत्री गोकुल) का विवाह ओंकारबंद निवासी निर्धन युवक तीरथ विश्वकर्मा (पुत्र विष्णु) के साथ वैदिक विधि-विधान से कराया गया। कथा स्थल विवाह मंडप में परिवर्तित हो गया, जहां वेद मंत्रोच्चार और मंगल गीतों के बीच विवाह संस्कारपूर्ण हुआ। इस पुण्य कार्य में न केवल कथा आयोजकों, बल्कि आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। श्रद्धालुजन इस पावन क्षण के साक्षी बने और पूरे वातावरण में भक्ति, करुणा एवं सेवा की अनुभूति देखने को मिली। कथा आयोजकों ने नवदंपति को गृहस्थ जीवन की आवश्यक सामग्री भेंट कीं। वहीं समीपवर्ती ग्रामों के ग्रामीणों ने सामर्थ्य अनुसार वस्त्र, घरेलू सामान एवं आर्थिक सहयोग प्रदान कर इस विवाह को सफल बनाया। ग्रामीणों की यह सहभागिता सामाजिक एकता, सामूहिक संवेदना और मानवीय मूल्यों का सशक्त उदाहरण बनी।

इस अवसर पर कथावाचक भानपुर (बागबाहरा) के प्रसिद्ध पंडित धनंजय तिवारी ने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण तक सीमित नहीं है, बल्कि दया, करुणा और सेवा के माध्यम से समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि जब भक्ति और मानवता एक साथ चलती हैं, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होता है।

## श्रीमद्भागवत कथा में रचा गया मानवता का अनुपम प्रसंग

### सिनोधा की बनी अलग पहचान

पंडित धनंजय तिवारी ने कथास्थल पर निर्धन कन्या के विवाह को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि इस पुनीत और प्रेरणादायी कार्य से ग्राम सिनोधा की एक अलग और विशिष्ट पहचान बनेगी। ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने के साथ मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इस अनूठे और पुण्य आयोजन का क्षेत्र में सर्वत्र सराहना हो रही है।



### समाचार माध्यमों के सहयोग से कथा को मिली व्यापक पहचान

इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आयोजक एवं कथावाचक ने कथा मंच से जिले के समस्त समाचार पत्रों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाचारों के प्रकाशन के माध्यम से आयोजन की जानकारी दूर-दराज तक पहुंची, जिससे आसपास के गांवों के साथ-साथ रायपुर, राजिम, गरियाबंद एवं धमतरी से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन संभव हो पाया। आयोजक ने मीडिया के सहयोग को इस पुनीत आयोजन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

## प्रोत्साहन : कन्वेंशन हॉल सर्किट हाउस रायपुर में सीएम ने किया सम्मान

# महासमुंद की मृणाल को नवाचार के लिए मिला युवा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- मृणाल को कोसे से फोरेंसिक ब्रश बनाने, चेंच भाजी से फैरेंसिक पाउडर बनाने और गोबर खरसी की राख से फोरेंसिक पाउडर बनाने के लिए भारत सरकार से कापीराइट मिला है

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा युवा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन 12 जनवरी 2026 कन्वेंशन हॉल सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में युवा रत्न सम्मान से युवाओं एवं संगठन को



पुरस्कृत किया गया। युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य में सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रेरित करना तथा युवाओं में अपने समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार हो, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है।

### मुख्यमंत्री ने एक लाख रुपए एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

युवा रत्न सम्मान समारोह में जिले की बेटी मृणाल विदानी पिता रविंद्र विदानी व माता उत्तरा विदानी सुभाष नगर महासमुंद को नवाचार के लिए युवा रत्न सम्मान से पुरस्कृत किया गया, जिसमें राशि 1 लाख रुपए एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय द्वारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव एवं राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर उपस्थित रहे। मृणाल विदानी वर्तमान में विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर में फोरेंसिक साइंस में डीएनए विषय के साथ मास्टर्स अंतिम सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही है। मृणाल को छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक कोसे से फोरेंसिक ब्रश बनाने के लिए, छत्तीसगढ़ के प्रिय भाजी चेंच भाजी से फोरेंसिक पाउडर बनाने और गोबर खरसी की राख से फोरेंसिक पाउडर बनाने के लिए भारत सरकार से कापीराइट मिला है। विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी में आयोजित इंटरनेशनल फोरेंसिक वैज्ञानिक कांफ्रेस फोरेंसिक ज्ञान कार्यक्रम में साल 2023 में कोसे के धागे से फोरेंसिक ब्रश बनाने के लिए बेस्ट इंटरनेशनल साइंटिस्ट 2025 में चेंच भाजी से फोरेंसिक पाउडर बनाने के लिए बेस्ट इंटरनेशनल इनोवेशन और खरसी के राख बनाने की प्रक्रिया को इंटरनेशनल फोरेंसिक कार्यक्रम में प्रस्तुत करने के लिए बेस्ट प्रेजेंटेशन और बेस्ट इनोवेशन का तमगा मिला है। शोध प्रयास 2025 में मृणाल को नेशनल लेवल रिसर्च कान्क्लेव में बेस्ट प्रोडक्ट डिस्प्ले के लिए अवार्ड मिला है। मृणाल विदानी इंटरनेशनल फोरेंसिक साइंटिस्ट मीट कार्यक्रम का बखूबी संचालन भी करती हैं। कक्षा पहली से बारहवीं तक मृणाल ने वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल महासमुंद से पढाई की है, शुरूआत से ही मेधावी छात्रा रही हैं।

# राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलेगा केंद्र के समान मंहगाई भत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सीएम ने की घोषणा, महंगाई भत्ता 3 फीसदी बढ़ेगी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा किया है कि महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ेगी। इससे राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता मिलेगा। इस घोषणा को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों को सरकार द्वारा दिया गया बड़ा तोहफा बताया है। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़ाकर केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय कर्मचारियों को काफी राहत प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की कर्मचारी-हितैषी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी सरकार चाहे वह केंद्र की हो या राज्य की सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। अधिकारी कर्मचारी शासन-प्रशासन की रीढ़ होते हैं और उनकी ईमानदारी, कर्मठता तथा



संवेदनशीलता से ही सरकार की योजनाएं, नीतियां और निर्णय वास्तविक रूप में धरातल पर उतरते हैं। हमारे राज्य का प्रशासनिक ढांचा भी उनके मेहनत, निष्ठा और अनुशासन के कारण ही प्रभावी ढंग से कार्य कर पा रहा है। आगे कहा कि इसमें पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के समयबद्ध भुगतान पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### पहले भी बढ़ाया था महंगाई भत्ता

इसके पहले राज्य सरकार ने अधिकारी-कर्मचारी के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया था। प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था। अब 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले 3 मार्च को विधानसभा में साल 2025-26 के वार्षिक बजट में 53 प्रतिशत डीए किए जाने की घोषणा की थी। राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करके 53 प्रतिशत कर दिया गया था।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में जानबूझ कर व्यवधान : डॉ रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए महासमुंद कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि इस खरीफ सीजन के धान खरीदी को पूरा होने में अब बस एक पखवाड़ा ही बचा है। यही वो समय है जब बड़े किसानों का धान मंडी में आता है, ऐसे समय में खरीदी को नियंत्रित करने के लिए बहुत अव्यावहारिक शर्त धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के सामने रखा गया है। खरीदी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को जारी निर्देश में साफ तौर पर कहा गया है कि जितना टोकन काटा गया है, उतना धान मत खरीदो किसानो से रकबा समर्पण का फार्म भरवाने का दबाव धान खरीदने में लगे कर्मचारियों पर दबाव भाजपा सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। धान खरीदी में किसानों को धान बेचने से रोकने की कई तरह से कोशिश की जा रही है, जिसका नतीजा है कि इस बार धान हर सोसाइटियों में अब तक कम खरीदा गया है।

### रायकेरा के मड़ई मेला में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** ग्राम रायकेरा में मड़ाई मेला कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पहुंचे। जहां ग्रामीणों उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके तुषार ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में मड़ई मेला महोत्सव को एक प्रमुख त्योहार माना जाता है। मड़ई त्योहार लोगों के जीवन को खुशियों से भर देता है। यह त्योहार न सिर्फ मजेदार और मनमोहक है बल्कि यह राज्य की समृद्ध परंपरा और संस्कृति को भी दर्शाता है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच पवन साहू, वरिष्ठ नेता डॉ अब्दुल वाहिद खान, नेमीचंद जयसवाल, लखन यादव, जावेद खान, सुरेश, दिनेश, कार्तिक, यादराम, सुखलाल, रामजी और अत्यधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





## सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा

**महासमुंद।** सोहम हॉस्पिटल लभराखुर्द में 11 जनवरी रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें से अधिक मरीजों का डॉक्टर सोमी चंद्राकर एवं डॉक्टर युगल चंद्राकर, 20 निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया है। 50 से अधिक मरीज सोहम की टीम ने मार्गदर्श दिए। टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्या, पथरी, पेट में जलन, गैस, चमड़ी के रोग, साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। बागबाहरा, तुमगांव, पिथौरा क्षेत्र एवं आसपास के कई गांव के लोग इस शिविर में लाभान्वित हुए। हम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में यह निशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समय-समय पर इस तरह के निशुल्क सेवा के कार्य सोहम परिवार के माध्यम से चलाए जाते हैं।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बरोंडाबाजार में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. चंद्रिका विश्वकर्मा, अतिथिगण डॉ. शोभा मालीवाल, शालिगराम, लक्ष्मीकांत, हेमंत कुमार, वीनू चंद्राकर, आनंद साहू तथा मेरा युवा भारत से वसुंधरा साहू और अशोक चक्रधारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चंद्रिका ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों के बारे में युवाओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से आत्मविश्वास, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### बुंदेली और दारगांव में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए खल्लारी विधायक

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ग्राम बुंदेली और दारगांव में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्राम बुंदेली और दारगांव में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, ताम्रध्वज बघेल, तरुण व्यवहार, उमा चंद्रहास यादव, संतोष ध्रुव, जानकी कोमल ठाकुर, माहेश्वरी नंदलाल ठाकुर, रेखचंद निषाद, पदमनी बांधे, खेमराज साहू, आशीष राजू दीवान, नोखेलाल ध्रुव, भीम ठाकुर मौजूद थे। उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेला मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। यह अवसर अपनों से मिलने और संपर्क का माध्यम होता है। इससे हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने समझने का मौका मिलता है। इस दौरान प्रमुख रूप से बालाराम साहू, रामसिंग निषाद, प्रमोद निषाद, दाऊलाल ध्रुव, किशन साहू तथा ग्राम बुंदेली में आयोजित कार्यक्रम में आशीष दीवान, घनश्याम साहू, रविकांत निषाद, सतीश शर्मा, टिकेश्वर दीवान, तामरस साहू, किशोर सोनवानी, अभय शर्मा, लक्की दास मानिकपुरी, शेखर सिन्हा, दुर्गेश मानिकपुरी, ओम कुर्रे, विष्णु सिन्हा, उमेश्वर डड़सेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### स्कूली बच्चों के लिए 50 सेट टेबल व बेंच किए प्रदाय

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव संकुल केंद्र बिरकोनी में वॉल प्लास्ट कंपनी द्वारा 50 सेट टेबल व बेंच बच्चों को प्रदान किया गया, जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश हैं। इसके लिए शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव के प्रधान पाठक खेमन कुमार साहू, शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, शिक्षिका लेखनी साहू, प्रतिमा मेश्राम, शिल्पा वर्मा ने वॉल प्लास्ट कंपनी को धन्यवाद दिया है।

# गोंड समाज 18 गढ़ की भालूचुवां सर्कल में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

- समाज को नई दिशा देने और समाजिक रीति नीति में सहयोग करने पर दिया गया जोर

भालूचुवां सर्कल के आश्रित ग्राम खैरटखुर्द में कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। अखिल भारतीय गोंड समाज राज्य सुअरमार सर्कल भालूचुवां के समाज पदाधिकारी उपस्थित रहे। समाज के ईष्ट देव बूढ़ादेव की पूजन अर्चन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सामाजिक चर्चा में वार्षिक बैठक को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। सामाजिक गतिविधियों पर गहन चिंतन मनन व सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए चर्चा की गई। भालूचुवां सर्कल के पदाधिकारियों ने पारी पारी



से अपने सुझाव रखें। इस दौरान सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, संयोजक नारायण सिंह ठाकुर, संरक्षक दीपक ठाकुर, महामंत्री पुनीत ठाकुर, मीडिया प्रभारी तुफान दीवानने समाज में हो रहे परिवारिक, सामाजिक गतिविधि पर बात करते हुए समाज के युवा वर्ग को आगे आने प्रेरित किया। समाज को नई दिशा देने और समाजिक रीति नीति में सहयोग करने पर जोर दिया। सामाजिक व्यवस्था के विपरित कोई भी कार्य ना करने की समझाइश दी गई। विवाह, शोक कार्यक्रम के अलावा जन्म उत्सव पर कम से कम खर्च में कार्यक्रम करने सुझाव दिया गया।

इस दौरान अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, संरक्षक दीपक ठाकुर, संयोजक नारायण सिंह ठाकुर, महामंत्री पुनित ठाकुर, सचिव रुपसिंह ठाकुर, आडिटर सुकालू ठाकुर, मीडिया प्रभारी तुफान दीवान, पंचगण टीकम ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, नोहर ठाकुर, सुभेश ठाकुर, लखन ठाकुर, विशाल ठाकुर, चंद्रशेखर ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, गजेश ठाकुर, नारायण ठाकुर, समाज दूत कन्हैया लाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक ने छात्रों को बांटे उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय गिर्रा में सेवानिवृत्त शिक्षक माखनलाल वर्मा द्वारा अपने जन्म दिवस पर संपूर्ण न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर माखनलाल वर्मा द्वारा बच्चों को गरम पोषक चावल, दाल, सब्जी, अचार, पापड़ के साथ खीर, पूरी, जलेबी और सलाद जैसे पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। इस न्योता भोज के आयोजन में बच्चों को ड्राइंग शीट, कलर पेंसिल, साथ ही वाटर कलर माखन लाल वर्मा के द्वारा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में मुख्य रूप से माखनलाल वर्मा साथ ही उनकी पत्नी उर्मिला वर्मा, पुत्र लोकेश वर्मा, पुत्रवधू मीनू वर्मा, पुत्री सविता वर्मा, मलखम वर्मा, खम्मन लाल वर्मा, रघुनंदन वर्मा, महेंद्र साहू, बेणीराम मिर्झा, कपिल वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, संध्या वर्मा, संतराम साहू, ललित यादव उप सरपंच ग्राम गिर्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि न्योता भोज जैसे कार्यक्रम का आयोजन शाला व समुदाय के बीच परस्पर सहयोग, सद्भावना व भाईचारा का प्रतीक है। न्योता भोज से जहां बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार प्राप्त होता है वही आयोजक द्वारा शाला परिवार के साथ अपनी खुशियों को बांटकर समाज को परस्पर सहयोग का संदेश प्रदान करता है। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक डीकेश चंद्राकर ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत न्योता भोजन की विस्तृत जानकारी दी तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में बच्चों को पालकों को अवगत कराया, शाला परिवार से सुनील वर्मा, सुमित्रा साहू, खिलेश्वरी साहू, लीला गिलहरे, तारिणी वर्मा, रूपाली साहू, शिक्षक-शिक्षिकाएं, संकुल समन्वयक ईश्वर चंद्र विद्यासागर कन्नौजे उपस्थित थे। कार्यक्रम को संचालन रोशनी साहू द्वारा तथा रवि शंकर चंद्राकर के द्वारा किया गया। न्योता भोज के आयोजनकर्ता सेवानिवृत्त शिक्षक माखनलाल वर्मा का शाला परिवार द्वारा शाल, श्रीफल, पेन भागवत गीता भेंट कर सम्मान किया गया।

**खबर संक्षेप**



## कठिया में शिव भक्ति का महापर्व जारी

**खरोरा।** ग्राम कठिया नं. 1 के रामायण चौक में गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित होने वाला श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। यह आयोजन 12 से 20 जनवरी तक जारी है। कथा व्यास पं. खिलेन्द्र कुमार दुबे रसपान करायेंगे। कथा प्रारंभ से पूर्व ग्राम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, शनि मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर एवं बम्लेश्वरी मंदिर से होते हुए तालाब पहुंची, जहां से पवित्र जल लाकर विधिवत पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12.30 बजे से शिव इच्छा तक किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उपस्थित हो रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के शत्रुहन बघेल, उकेश बघेल, धरम, राजा, गौरव, खगेश, दीनू, पुनेन्द्र, खिलावन साहू एवं विक्की वर्मा सहित ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी तिलक बघेल एवं शिक्षक धीरेंद्र वर्मा द्वारा दी गई।

## मनीष पुनः बने भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव

**गिधौरी।** सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यरत संगठन भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, भविष्य की रणनीति, संगठनात्मक विस्तार एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में लिए गए



महत्वपूर्ण निर्णयों के क्रम में मनीष चेलक को एक बार फिर सर्वसम्मति से संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। प्रदेश स्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से संगठन के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना, युवाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा सामाजिक अन्याय, शोषण और भेदभाव के विरुद्ध संगठित संघर्ष की दिशा तय करना रहा। इसी दौरान संगठन नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं के सुझाव लिए गए और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मनीष चेलक की पुनः नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। पीड़ितों की आवाज़ प्रशासन तक पहुंचाने, आरटीआई, शिकायत एवं जनहित से जुड़े मामलों में सक्रिय सहयोग देने का कार्य किया है।

# जागरूकता अभियान में छात्रों को बाल विवाह के गिनाये गए दुष्परिणाम

### पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में बाल विवाह रोकथाम पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराने तथा इसे रोकने के उद्देश्य से जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सही उम्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के प्रति समझ विकसित करना था। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फूलकुमारी कुर्रे तथा विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाल विवाह समाज की एक गंभीर कुरीति है, जो बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना देती है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे हम बच्चों को सशक्त बनाकर इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती एवं मानसी की सक्रिय सहभागिता रही। सभी शिक्षकों ने मिलकर विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों का महत्व समझाया और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा बाल विवाह के विरुद्ध निरंतर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।



**बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ ली**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई तथा सभी विद्यार्थियों ने बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ ली।

### धान खरीदी मात्रा बढ़ाने किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

# खरीदी केंद्रों में टोकन के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कई केंद्रों में टोकन की सीमित संख्या ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। भवानीपुर, गिधपुरी, तेलासी, बोहरडीह और वटगन जैसे उपार्जन केंद्रों में सैकड़ों किसान अपनी उपज बेचने के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन टोकन नहीं कटने के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

अकेले भवानीपुर केंद्र में लगभग 180 से अधिक किसानों का धान अब तक नहीं बिक पाया है। किसानों का कहना है कि वे हर दिन टोकन के लिए केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन शासन द्वारा निर्धारित प्रतिदिन की खरीदी सीमा (लिमिट) के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, हर केंद्र के लिए धान खरीदी की एक तय सीमा निर्धारित है, जिससे अधिक का टोकन काटना फिलहाल संभव नहीं हो पा रहा है।

किसानों ने अपना दुख साझा करते हुए बताया कि धान नहीं बिकने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेती के लिए साहूकारों और बैंकों से लिए गए कर्ज को लौटाने का समय आ गया है। कई किसानों के घरों में शादी-ब्याह का समय है, जिसके लिए उन्हें तत्काल पैसों की आवश्यकता है। खरीदी सत्र समाप्त होने की चिंता में किसान मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए संस्था के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में किसानों ने कलेक्टर बलौदाबाजार को लिखित आवेदन सौंपा है। किसानों ने मांग की है कि धान खरीदी की प्रतिदिन की लिमिट (मात्रा) को बढ़ाया जाए। खरीदी की समय सीमा के भीतर सभी पंजीकृत किसानों का धान अनिवार्य रूप से खरीदा जाए। टोकन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। पीड़ित किसानों ने कहा कि हम रोज सुबह उम्मीद लेकर केंद्र आते हैं, लेकिन शाम को निराशा ही हाथ लगती है। अगर धान समय पर नहीं बिका, तो हम कर्ज कैसे चुकाएंगे और घर में शादी कैसे करेंगे?

## नगर में प्लास्टिक की जगह स्टील बर्तन का हो रहा उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगरसभा आयोजन के बाद समाज में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां लोग प्लास्टिक इस्तेमाल के दुष्प्रभाव को जानने लगे हैं। इसका ताजा उदाहरण उस समय देखने को मिला जब विगत दिनों धीवर समाज नगर इकाई पलारी में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नही करने के पहल पर स्व.हिंगलाज धीवर के शांति भोज कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों के लिए स्टील थाली, गिलास व कटोरी में भोजन परोस कर धीवर समाज ने प्लास्टिक मुक्त पलारी की ओर एक नए पहल की शुरुआत की। वहीं शान्ति भोज में इस पहल से अन्य समाज भी प्रेरित होंगे। इस कार्य के लिए धीवर समाज व परिवार की पहल प्रशंसा की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि नगर में आयोजित शादी ब्याह, दशगात्र, छठी, बर्थ डे आदि कार्यक्रमों में प्लास्टिक का इस्तेमाल में किया जाता रहा है कार्यक्रम पश्चात प्लास्टिक के जगह कचरे का ढेर लग जाता था, वही हर जगह गंदगी पसरी रहती है। गालियां भी बजबजाने लगती थी। वहीं मवेशी भी बचे हुए खाना के लालच में प्लास्टिक सहित खा जाते हैं, जिसे वे हजम नहीं पाते और असमय काल के गाल में समा जाते हैं। इसे देखते हुए नगरवासियों द्वारा जागरूकता का परिचय देते हुए प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प लिया है।

## प्रधानपाठक ने बालिकाओं को लेगीस और स्कूल में वॉटर ड्रम किया भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं स्वयं के जन्मदिन पर प्रधान पाठक विनोद डडसेना प्राथमिक शाला बांसउरकुली द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तथा स्कूल के सभी बच्चों को स्वच्छ पेयजल के लिए अपने जन्म दिवस पर समस्त बालिकाओं को लेगीस व स्कूल को कुल वॉटर ड्रम प्रदान किए।

गौरतलब है कि प्रधान पाठक विनोद डडसेना ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, कबाड़ से जुगाड़, किचन गार्डन निर्माण, पौधारोपण के अलावा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करते आ रहे हैं। विगत कई वर्षों से महापुरुषों के जन्म एवं शहादत दिवस के अवसर पर कई ने कार्य किए हैं, जिसमें पिछले दो साल 12 जनवरी को बलौदाबाजार के वृद्ध आश्रम में एक माह का राशन दान कर एवं पिछले वर्ष 12 जनवरी को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ में 1000 लीटर वॉटर टैंक दान किया। इसी तरह शहादत दिवस के अवसर पर जरूरतमंद एवं घुमंतू जाति के लोगों को कई बार गर्म कपड़े राशन दान करते आ रहे हैं। साथ ही 2 अक्टूबर गांधी जयंती का अवसर पर स्वच्छता का कार्य व पर्यावरण संरक्षण सामाजिक जन चेतना एवं प्रचार प्रसार व स्कूलों में बच्चों को कॉपी, पेन, स्कूल बैग दान करते आ रहे हैं। प्रधान पाठक के इस समाजसेवी नेक कार्य के लिए स्कूल के शिक्षकों व पालकगणों ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिए हैं।

# 10 फरवरी से घर-घर खिलाई जाएगी हाथीपांव से बचाव की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में जिले को फाइलेरिया (हाथीपांव) मुक्त बनाने के लिए व्यापक अभियान की तैयारी शुरू हो गई है। आगामी 10 फरवरी से स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों को दवा का सेवन कराएंगी। वर्तमान में इस अभियान को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, फाइलेरिया एक वेक्टर बॉर्न डिजीज है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। गंदी नालियों और गड्ढों में पनपने वाले ये मच्छर स्वस्थ व्यक्ति के रक्त में परजीवी प्रवेश करा देते हैं, जो शरीर के लसिका तंत्र को बाधित कर देते हैं। इसका परिणाम हाथीपांव के रूप में सामने आता है, जिसका एक बार होने के बाद कोई स्थायी उपचार नहीं है।

इस गंभीर बीमारी से बचने के लिए प्रशासन ने दोहरे स्तर पर रणनीति बनाई है, 10 फरवरी से ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। अभियान की शुरुआत स्कूलों और आंगनबाड़ियों से होगी, जिसके बाद छूटे हुए लोगों के लिए मॉप-अप राउंड चलाया जाएगा। रुके हुए पानी में जला हुआ ऑयल या मिट्टी तेल डालकर मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन युवाओं को हाइड्रोसील की समस्या है, उनका ऑपरेशन कर उपचार किया जाता है। वहीं, जो व्यक्ति पहले से हाथीपांव से ग्रसित हैं, उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक बुधवार को जिला अस्पताल में आयोजित मेडिकल बोर्ड में संपर्क किया जा सकता है।

## खनन में लाएं पारदर्शिता, स्थानीय युवाओं को मिले रोजगार

**सेल/मुड़पार सरसींवां।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में स्थित प्रदेश की पहली गोल्ड माइन सोनाखान में खनन कार्य शुरू होने के साथ ही अब स्थानीय अधिकारों को लेकर सियासत तेज हो गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने भाजपा सरकार से इस पूरी परियोजना में पारदर्शिता बरतने और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की है।



**बसपा की मांग**

श्याम टंडन ने कहा कि वेदांता ग्रुप द्वारा किए जा रहे खनन में सोने की वास्तविक मात्रा को राज्य की जनता के सामने सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि मात्रा का कम आंकलन कर जनता को अंधेरे में न रखा जाए। उन्होंने मांग की कि इस परियोजना से वनांचल क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद युवाओं को सीधे रोजगार मुहैया कराया जाए, तभी क्षेत्र का वास्तविक आर्थिक विकास होगा।

उन्होंने जोर दिया कि सोनाखान शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि है, इसका ऐतिहासिक महत्व कम नहीं होना चाहिए और बुनियादी ढांचे में सुधार होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 से बाघमारा क्षेत्र में वेदांता ग्रुप द्वारा आधुनिक तकनीक से ड्रिलिंग और खुदाई शुरू की गई है। अनुमान के मुताबिक यहाँ से लगभग 500 किलोग्राम सोना निकलने की संभावना है। ब्रिटिश काल से ही यहाँ सोने के भंडार की चर्चा थी, जिसे अब सबसे ऊंची बोली लगाकर वेदांता ग्रुप द्वारा निकाला जा रहा है।

## मंगल कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ की धर्म नगरी भाटापारा में आज से पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। मेले के प्रथम दिवस प्रातः 8.30 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा सती मंदिर से प्रारंभ होगी।

यह यात्रा सती मंदिर से निकलकर सदर बाजार, गोविंद चौक, जय स्तंभ चौक, कांग्रेस भवन होते हुए हाई स्कूल के पास गली से गुजरते हुए रामलीला मैदान में विसर्जित होगी। मंगल कलश यात्रा में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धा भाव से सम्मिलित होंगी। इस अवसर पर श्रद्धा बेमेतरा स्थित शंकराचार्य आश्रम के परम पूज्य डांडी तपस्वी मज्ज्योति मर्यानंद महाराज रथ पर आरूढ़ होकर धर्मप्रेमी भाई-बहनों को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। संपूर्ण मंगल कलश यात्रा की अगुवाई नगर



पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा की जाएगी। विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विधाओं से सुसज्जित यह पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला अत्यंत भव्य स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रमों के अंतर्गत भजन सभा, मानस प्रवचन, संतवाणी सभा, सांस्कृतिक संध्या, कवि सम्मेलन एवं राम उत्सव सहित रामचरित मानस पर आधारित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामलीला मैदान में बनाए गए भव्य पंडाल में संपन्न होगा। मेले की विशेषता यह है कि इसमें देश-विदेश से आए कलाकार एवं प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे, जिनमें श्रीलंका, फिजी एवं मॉरीशस जैसे देशों के कलाकार भी शामिल रहेंगे, जो इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय गरिमा प्रदान करेंगे।

### बच्चों को स्वामी जी के संदेश को आत्मसात करने की सीख दी

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर गूंजे स्वामी विवेकानंद के विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर महिला पतंजलि योग समिति द्वारा योग परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों और युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने और उनके समान विचारशील बनने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वे बच्चे रहे जो स्वामी विवेकानंद का वेश धारण कर पहुंचे थे। नन्हे बालक रोचक और बिटिया रानी परी ने स्वामी जी के स्वरूप में सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बालक मोक्ष चंद्राकर ने स्वामी जी की बुद्धिमत्ता, अंकित कन्नौजे ने उनके जीवन परिचय और देवांश चंद्राकर ने स्वामी जी द्वारा अंग्रेजों को दिए गए तार्किक जवाबों की प्रेरक कहानियां सुनाईं।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जनपद सदस्य भारती वर्मा एवं जिला व तहसील प्रभारियों द्वारा भारत माता के पूजन और वंदना के साथ किया



गया। मीना साहू जिला प्रभारी ने प्रेरणा गीत के माध्यम से स्वामी जी की जीवनी का बखान किया और बताया कि आखिर क्यों उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।हेमलता कन्नौजे तहसील प्रभारी ने युवाओं को स्वामी जी के उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के संदेश को आत्मसात करने की सीख दी। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य देव कुमारी, मालती दीदी, योग शिक्षिका उत्तरा दीवान, मधु रानी सरशिहा, कांति साहू, विभा चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, रेखा वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे रोली, अंशी, लेयांश, चेतना, मान्या आदि उपस्थित थे।

### सशिमं में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

**खरोरा।** आज सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनायी गई। अतिथियों द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी महामानव थे, जिन्होंने युवा अवस्था से ही समाज व देश में जन जागरण किया तथा विदेशों में देश का नाम रोशन किया। इनका कहना था कि जब तक



मंजिल नहीं मिले तब तक चलते रहो, इस अवसर पर संस्था के छात्रों ने स्वामीजी का वेश धारण किये थे। इस दौरान छात्रों के लिए दौड़, खो, कबड्डी खेल का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में तोषण लाल साहू, गैंदलाल साहू, प्रधान पाठक गंगू राम वर्मा, रूपेंद्र साहू, उत्तम साहू, परमानंद वर्मा, खेमू राम तुरकाने, आचार्या सावित्री तुरकाने, सीमा साहू, लक्ष्मी साहू, पार्वती साहू, प्रतिभा साहू, दुर्गेस्वरी पॉल, शकुंतला निषाद, रोमा दास, तथा आया खिलेश्वरी साहू, कला कुमारी पाल उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### 75 कट्टा अवैध...

की योजना का लाभ केवल वास्तविक किसानों को मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्रों और संदिग्ध मार्गों पर निगरानी और कड़ी कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अन्य जिलों से धान लाकर खपाने ओर अवैध रूप से धान बेचने की कोशिश करने वालों पर भविष्य में भी इसी तरह की सख्त दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

### तान्या का राष्ट्रीय...

संतोषी ध्रुव छोटे से गांव बरडीह की निवासी है बालिका वर्ग की सीनियर आयु वर्ग में यह छात्रा ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर लगातार जीत हासिल कर अब राष्ट्रीय स्तर पर अपना खेल प्रतिभा दिखाने जा रही है। जहां देशभर के सभी राज्यों से सैकड़ों साइकिलिस्ट भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य भीष्म कुमार पैकरा ने बधाई देते हुए कहा की वॉलीबॉल एथलेटिक्स और शतरंज में राज्य स्तर पर काफी खिलाड़ी निकले हैं इस सत्र राष्ट्रीय स्तर पर तीन खिलाड़ियों ने स्कूल का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए सिमगा जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, सरपंच डोमार सिंह मारकंडेय, उप सरपंच लोकनाथ वर्मा, पूर्व सरपंच भुनेश्वर वर्मा, बरडीह सरपंच दिनेश चौरे, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र चौबे, संकुल समन्वयक फलेंद्र कैवर्थ सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, बलौदाबाजार एथलेटिक संघ के पदाधिकारी आदित्य सिंह ठाकुर, खेल प्रेमी सचिन जैन, बरडीह व नवापारा के समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# जनसामान्य और विधिक संस्थाओं के बीच सेतु का कार्य करते हैं पैरालीगल वालिंटियर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला न्यायालय परिसर में मंगलवार को पैरालीगल वालिंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ओरिएंटेशन, इंडक्शन एवं रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से पैरालीगल वालिंटियर्स को उनके दायित्वों और कार्यक्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि प्रत्येक माह पैरालीगल वालिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे जनसामान्य और विधिक संस्थाओं के बीच सेतु का कार्य कर सकें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को न्याय तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करना, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जोड़ना है। प्रशिक्षण में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के मूल सिद्धांतों, नालसा की विभिन्न योजनाओं, पीड़ितों से संबंधित विशेष योजनाओं तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोक अदालत, सुलह एवं मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के त्वरित और कम खर्चीले निपटारे पर भी प्रकाश डाला गया।

## जिला न्यायालय में पैरालीगल वालिंटियर्स का प्रशिक्षण हुआ



### नाबालिगों से जुड़े मामलों में न्यायिक प्रक्रिया दी जानकारी

विशेष सत्र में अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) गिर्जेश प्रताप सिंह ने पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामलों की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थाना स्तर से लेकर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत होने और अंतिम निराकरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया में किन-किन सावधानियों का पालन आवश्यक है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि नाबालिग की सहमति का कोई विधिक महत्व नहीं होता और अपराध सिद्ध होने पर दोषी को दंडित किया जाता है।इसके अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड प्रशांत भास्कर ने किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित प्रकरणों, विधिक सहायता तथा किशोरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में पैरालीगल वालिंटियर्स की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में सचिव ने कहा कि पैरालीगल वालिंटियर्स के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यों से जनसामान्य को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों की जानकारी मिल रही है, जिससे न्याय प्रणाली पर लोगों का विश्वास मजबूत हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### भूपेंद्र ने उत्तीर्ण की अखिल भारतीय बार परीक्षा

**मुड़पार सरसीवां।** मुड़पार निवासी व छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता भूपेंद्र खटकर ने अखिल भारतीय बार परीक्षा (ऑल इंडिया बार एक्जामिनेशन-20) में सफलता प्राप्त की है।



इन्होंने इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को अपने प्रथम प्रयास में ही अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विधिक क्षेत्र में अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा आयोजित एआईबीई-20 को अब तक की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जा रहा है। देश में अधिवक्ता के रूप में स्वतंत्र विधिक प्रैक्टिस करने के लिए इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य होता है, जो किसी भी वकील की कानूनी दक्षता और पेशेवर कौशल का प्रमाण है। अधिवक्ता भूपेंद्र खटकर, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर व प्रमिला खटकर शिक्षक के सुपुत्र हैं। इन्होंने बीई(ई,ई,ई), एम ए(अंग्रेजी), एल एल बी करने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े हैं।

### युवक के साथ मारपीट चाकू से वार

**महासमुंद।** गांजा की बात को लेकर एक युवक के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गीता ढीमर वार्ड नं 16 शीतलापारा ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को करीबन एक बजे उसका लडका देवचरण ढीमर चौक तरफ घूमने गया था तभी पडोसी जनक ढीमर ने घर आकर बताया कि तुम्हारे लड़के देवचरण को राज ठाकुर गंजपारा महासमुंद ने चाकू मारा है और उसे जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया हूं। जब उसने देवचरण से पूछा तो बताया कि साथी हितेश पटेल के साथ शहर की ओर घूमने गया था। बढईपारा महासमुंद के पास राज ठाकुर ने उससे गांजा पीने के लिये मांगा, जब उसने कहा कि गांजा नहीं पीता हूं ।

## निधन

### रीता केशरवानी

**बलौदाबाजार।** वैष्णव कॉलोनी निवासी नरेंद्र केशरवानी की पत्नी रीता केशरवानी का 13 जनवरी को निधन हो गया।



वे शैलू, शैनी, सोनम की माताजी, सुरेंद्र केशरवानी की भाई बहू एवं जीतेंद्र, बिजेंद्र, मनोज, संतोष की भाभी थी। अंतिम संस्कार 14 जनवरी को सुबह, निज निवास गार्डन चौक वैष्णव कॉलोनी से 10.30 बजे निवास स्थान से रायपुर रोड मुक्तिधाम में किया जायेगा ।

**विरोध : धान खरीदी संकट पर किसानों का आक्रोश**

# चंदेरी पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश बघेल, धान टोकन मुद्दे पर सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल मंगलवार को जांजगीर प्रवास के दौरान चंदेरी में भाटापारा विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के किसानों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे, जहां किसानों ने धान उपार्जन से जुड़ी गंभीर समस्या को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।

किसानों ने विधायक इन्द्र साव को अवगत कराया कि शासन द्वारा 31 जनवरी तक तय सीमा के अनुसार धान विक्रय के लिए टोकन काट दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद लगभग 30 प्रतिशत किसानों को अब तक धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिल पाया है। किसानों ने बताया कि जब वे इस विषय में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करते हैं तो अधिकारी स्पष्ट जवाब देने में असमर्थ नजर आते हैं, जिससे किसानों में भारी असंतोष और चिंता व्याप्त है।

इस पर विधायक साव ने तत्काल जिला प्रशासन से चर्चा कर किसानों की धान विक्रय लिमिट बढ़ाने एवं शेष धान की खरीदी सुनिश्चित करने की मांग रखी। वहीं किसानों ने अपनी इस गंभीर समस्या से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी अवगत कराया। किसानों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के नाम पर किसानों से किए गए वादे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने घोषणा की थी कि किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसानों को टोकन तक नहीं मिल पा रहे हैं। टोकन नहीं मिलना साफ दर्शाता है कि सरकार की मंशा किसानों के प्रति ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि धान खरीदी में अव्यवस्था और लापरवाही सीधे तौर पर किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर खरीदी प्रक्रिया को सीमित कर रही है ताकि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य न मिल सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस किसानों के हक की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और किसी भी कीमत पर किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने विधायक साव को निर्देशित किया कि वे प्रशासन पर लगातार दबाव बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, हिरेंद्र कोसले, पार्षद परदेशी सोनकर, गोलू पाटकर, सरपंच कुबेर यदु, रंजीत सोनवानी, साहिल मसीह, आसू साहू, रमेश धृतलहरे, हिम्मत शर्मा, श्यामलाल देवांगन, हीरालाल साहू, दिनेश साहू, रत्नेश शर्मा,अशोक देवांगन, दशरथ चंद्राकर, मुकेश साहू, अभिनव यदु, विक्की ठाकुर, बुद्धदास वैष्णव, लाला वर्मा, अनमोल शुक्ला, आगेश जांगड़े, विक्की मानिकपुरी, अशोक साहू, इनदरमन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित थे।

# अर्जुनी स्कूल के पूर्व छात्रों ने मनाया रजत जयंती मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत अर्जुनी स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सत्र 2000-01 के पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपनी दोस्ती के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती सह-मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। सोमनाथ धाम और ऐतिहासिक भोरमदेव की पावन धरा पर आयोजित इस कार्यक्रम में 35 साथियों का जत्था शामिल हुआ, जहां पुरानी यादें ताजा होने के साथ-साथ भविष्य के लिए नई प्रेरणा साझा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ बलौदाबाजार के सोमनाथ मंदिर में दर्शन के साथ हुई। सुबह 11 बजे साथियों का जत्था रवाना होकर दोपहर 1 बजे कबीरधाम जिले के सरोदा डैम स्थित वृंदावन उद्यान पहुंचा। यहां मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना और सामूहिक वंदना के साथ मंचीय कार्यक्रम का आगाज हुआ।

कार्यक्रम के दौरान साथियों ने अपने पिछले 25 वर्षों के अनुभव साझा किए। कई साथी अपने जीवन के संघर्ष बताते हुए भावुक हो गए। साथियों ने अपनी सफलता-असफलता पर खुलकर बात की और छोटी-मोटी पुरानी शिकायतों को दूर कर गले मिले। मंच का संचालन दौलत कुंजाम एवं आसाराम ध्रुव ने किया। भ्रमण सह मिलन में अनिल वर्मा, दुर्गेश वैष्णव, धीरज ध्रुव, खिलावन, कौशल पाल, जसवंत द्रोण, द्वारका, सुरेंद्र, मनराखन, नूतन, रिपुसूदन, भिंगेश्वर भारती, पूनम महाजन, रेखा, वेदमणी, मंजू वर्मा, मंजू साहू, दीप्ति साहू और शम्भूनाथ सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

### अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

इस अवसर पर बलौदाबाजार के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी चैनू सिंह ध्रुव, कबीरधाम के सहायक संचालक चंद्राकर, सेवानिवृत्त व्याख्याता दुबे, यादव एवं बोड़ला बीईओ विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने अर्जुनी स्कूल के साथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और मित्रता की प्रगाढ़ता के लिए मील का पत्थर हैं। हर विद्यालय के पूर्व छात्रों को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए ऐसे प्रेरणादायक आयोजन प्रतिवर्ष करने चाहिए।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 को बलौदाबाजार में

**बलौदाबाजार।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर के तत्वावधान में विवाह योग्य सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 जनवरी को महंत नैन दास स्मृति स्थल बस स्टैंड के पास बलौदाबाजार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जिला मीडिया प्रभारी राजेश्वर गिरी ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष यह सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित होता आ रहा है। इस मंच के माध्यम से समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही स्थान पर सहज रूप से वर-वधु चयन का अवसर मिलता है, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। हर वर्ष बड़ी संख्या में योग्य जोड़े यहां तय होते हैं। कार्यक्रम में विधवा, विधुर, परित्यक्ता और तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन स्थल पर कार्यक्रम दिवस में पंजीयन की विशेष सुविधा सुबह 10 बजे से उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागियों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है। अग्रिम पंजीयन बलौदाबाजार में महेश घृततलहरे, जगमोहन दास घृतलहरे, नरोत्तम बघेल, भाटापारा में देवनारायण बांधे, ओमप्रकाश राट्रे, टेकराम मीरी संजय बघेल, कसडोल से योगेश बंजारे, विनोद चेलक, चंद्रशेखर साडे, नकुल ढीढी, पलारी में सरजू घृतलहरे, महेश ढ़ीढ़ी मोहन बंजारे, चरण दास तेरहवंश, लवन में बनवारी बार्वे, मैनेजर डहरिया, नरेन्द्र कुमार डहरिया, सुहेला से उमा अनंत, दसोदा जागड़े, रेमन अनंत, एमन मिरि, सिमगा में रंजीत सोनवानी, जिनेन्द्र भारती, जितेन्द्र बंजारे के पास किया जा सकता है।

## सदगुरु कबीर सत्संग समारोह 16 से

**खरोरा।** ग्राम पंचायत मांठ के कबीर वात्सल्य मौनी आश्रम में 16 से 18 जनवरी तक तीन दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह एवं सात्विक आनंदी चौका आरती यज्ञ समारोह का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर विश्व वंदनीय त्याग वैराग्य तपोनिष्ठ पंथ 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य एवं परम पूज्य धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री साहेब, कबीर धर्म स्थान खरसिया छत्तीसगढ़ एवं सदगुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा वाराणसी (उ.प्र.) के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित होगा।



इसके साथ ही साथ भारत के अनेक प्रांतों से कबीर पंथ के विद्वान संत महापुरुषों एवं भक्तजनों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजक समिति द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही हैं। कार्यक्रम नवनियुक्त महंत टकसार साहेब एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित होगा।

# आप ने निकाली बचाबो छत्तीसगढ़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- सिद्धेश्वर मंदिर पलारी से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया के नेतृत्व में बचाबो छत्तीसगढ़ यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिले के कसडोल विधानसभा के पलारी क्षेत्र से पलारी नगर स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में शिव पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया गया है। बचाबो छत्तीसगढ़ यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य में हो रहे छलावा, अत्याचार, जंगल की कटाई, सीमेंट प्लांटो एवं अन्य निजी संस्थानों पर छत्तीसगढ़ के स्थानीय युवाओं, लोगों को रोजगार नहीं देकर बेरोजगारों के साथ छलावा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में बिजली उत्पादन होते हुए भी यहां के लोगों को महंगी बिजली बेचकर आर्थिक रूप से शोषण करना, लोगों को उच्च गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध नहीं कराना, शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्था सही नहीं होने के कारण निजी हॉस्पिटलों द्वारा आयुष्मान कार्ड (शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य योजना) के नाम कार्ड राशि के अलावा मरीजों के जेब से लाखों की वसूलियों से लोगों की आर्थिक व्यवस्था कई साल पीछे चला जाता है। ऐसे विभिन्न मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी सभी समस्याओं से छत्तीसगढ़ को तथा छत्तीसगढ़ के जनता को बचाने के लिए बचाबो छत्तीसगढ़ यात्रा की शुरूआत की है, जिसमें जिले के तीनों विधानसभा भाटापारा, बलौदाबाजार व कसडोल ब्लॉक के सभी गांव में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।

पलारी थाना के सामने स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इसमें आज मुख्य रूप से उपस्थित लोकसभा रायपुर के उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग, लोकसभा उपाध्यक्ष रायपुर, निलेश घृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष कार्तिक राम निषाद, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मनहर, जिला संगठन मंत्री दिलीप कुमार फेकर, जिला कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह जांगड़े, जिला यूथ विंग जिलाध्यक्ष हरिशंकर नौरंगे, जिला किसानों के अध्यक्ष फूल दास, किसान विंग सचिव हीरालाल, ब्लॉक अध्यक्ष पलारी पवित्र दास मंगेश, ब्लॉक अध्यक्ष बलौदाबाजार नेमन दास बांधे, ब्लॉक सचिव केजराम, वरिष्ट नेता संतोष वर्मा, तातू राम साहू, सियाराम, राजकुमार बंजारे, पूरन बंजारे, दिलीप साहू, राकेश पैकरा, जगजीवन खटकर, ओमप्रकाश टंडन, सुखचंद साहू, विजय बंजारे, पवन कोटर, वासुदेव कुर्रे, रविशंकर, राहुल मिरी भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# लाइवलीहुड कॉलेज और हाई स्कूल में बालिकाओं के अधिकारों पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज एवं शासकीय हाई स्कूल करदा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव एवं विभागीय योजनाएं, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वय प्रीति नवरत्न, कौशिल्या सोनवानी, सुश्री नम्रता साहू, लाइवलीहुड कॉलेज, स्कूल के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।




